
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 10.10.2022 से 15.10.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक

(दिनांक 10.10.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हाई पॉवर परचेज कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में हरियाणा के विकास से संबंधित कई अहम खरीद को मंजूरी प्रदान की गई। इसमें सबसे मुख्य हरियाणा रोडवेज के बेड़े में 1275 नई बसों की खरीद रही। इन बसों में 1000 नॉन ए.सी बसें, 150 एसी बसें तथा 125 मिनी बसें शामिल हैं। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कुल 2500 करोड़ रुपये से अधिक के सामान और वस्तुओं की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री जी ने बताया कि बैठक में सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पुलिस, परिवहन, एचवीपीएनएल, डीएचवीबीएन, यूएचबीवीएन, हरेडा और शुगरफेड समेत 11 विभागों के कुल 31 एजेंडा रखे गए थे, जिसमें से 24 एजेंडों को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि अधिकांश एजेंडों बिजली, परिवहन और सिंचाई विभाग से संबंधित थे। बैठक में थर्मल प्लांट में टॉरिफाइड बायोमास प्लेट्स के उपयोग के लिए भी एजेंडा पर चर्चा की गई। इस संबंध में बाद में निर्णय लिया जाएगा और आगामी 1 सप्ताह में इसके लिए टेंडर किया जाएगा।



# मॉरीशस के सांसद नंदकुमार बोधा जी का भारत दौरा

(दिनांक 10.10.2022)

**प्रभाव :** सात दिनों के लिए भारत दौरे पर आए मॉरीशस के सांसद नंदकुमार बोधा ने मुख्यमंत्री जी से भेंट की और भारत मॉरीशस मैत्री सम्बन्धों पर चर्चा की। बोधा जी ने 2018 में हरियाणा सरकार द्वारा मॉरीशस में आयोजित किए गए अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया और बताया कि इस आयोजन से भागवद गीता के प्रति उनके देश में जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने मॉरीशस में पहले से स्थापित रामायण सेंटर की तर्ज पर एक गीता केंद्र बनाने की इच्छा भी जाहिर की।

मुख्यमंत्री जी ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के समय अपने मॉरीशस के प्रवास को याद किया और उम्मीद जाहिर की कि अब वहाँ के लोग हर वर्ष गीता महोत्सव को अपने स्तर पर मनाएंगे और गीता के सार्वभौमिक संदेश को घर घर ले जाने का कार्य करेंगे।



नंद बोधा जी ने कहा कि आज हरियाणा कृषि के क्षेत्र में पूरे देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मॉरीशस में कृषि के क्षेत्र में हरियाणा के साथ मिलकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की साथ ही इसे अपार संभावनाओं से भरा क्षेत्र बताया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि मॉरीशस में गए भारतीयों ने अपने देश की संस्कृति व परंपराओं को जीवित रखा है और सनातन धर्म के वसुधैवकुटुम्बक के संदेश को चरितार्थ किया है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फसल अवशेष प्रबंधन

(दिनांक 11.10.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी की अध्यक्षता में हुई फसल अवशेष प्रबंधन की बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिस्सा लिया।

केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी ने दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में फसल अवशेष प्रबंधन व वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान के मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह बैठक की थी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री जी ने हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन की दिशा में की जा रही गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार ने पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाकर पराली प्रबंधन पर जोर दिया है। वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए हरियाणा में अच्छे प्रयास हो रहे हैं। राज्य सरकार के प्रयासों से गुरुग्राम की सोसयटियों में डीजल से चलने वाले जेनरेटर सेट्स के उपयोग में भारी कमी आई है।

मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री को आश्वासन देते हुए कहा कि हरियाणा





# साप्ताहिक सूचना पत्र

सरकार प्रदेश में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बेहद गंभीर है और इसके लिए सभी प्रकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। हम हरियाणा को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध हरियाणा बनाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के समक्ष मांग रखते हुए कहा कि हरियाणा एनसीआर क्षेत्र में क्लीन फ्यूल के उपयोग के लिए जारी दिशा–निर्देशों में ईंट भट्ठों को 31 मार्च, 2023 तक की मोहलत दी जाए। हरियाणा सरकार द्वारा भी अपने स्तर पर वायु प्रदूषण को नियंत्रण करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा, औद्योगिक संगठनों से भी यह मांग आई है कि उन्हें क्लीन फ्यूल उपयोग हेतू तकनीकि रूप से जो बदलाव करने है, उनकी लागत बहुत ज्यादा है। इसलिए ऐसे उद्योगों की सहायता हेतू व्यवहार्य ब्याज दर पर बैंक से ऋण की सुविधा उपलब्ध करवाने का भी कोई प्रावधान बनाया जाए। इसके साथ ही हरियाणा एनसीआर क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र जैसे इसराना, समालखा, गोहाना, झज्जर इत्यादि में अभी तक सीएनजी–पीएनजी की आपूर्ति नहीं हो पाई है, इसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित करवाई जाए।

मुख्यमंत्री जी ने फसल अवशेष प्रबंधन पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ढांचागत रणनीति के साथ कार्य कर रही है, जिसमें इन–सीटू फसल अवशेष प्रबंधन, एक्स–सीटू प्रबंधन, प्रभावी निगरानी, प्रवर्तन, आईईसी गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में धान लगभग 4800 गांवों में होता है। इन गांवों को तीन जोन–हरा, पीला और लाल में बांटा गया है। इन–सीटू मैनेजमेंट के तहत विभिन्न मशीनों व डिक्मपोसर के माध्यम से 23 लाख मीट्रिक टन और एक्स–सीटू मैनेजमेंट के तहत 13 लाख मीट्रिक टन पराली का प्रबंधन किया जाएगा। अभी तक पराली जलाने की केवल 83 घटनाएं हुई हैं और पराली न

# साप्ताहिक सूचना पत्र



जलाने बारे लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जल्द थर्मल प्लांट में 20 लाख मीट्रिक टन टॉरिफाइड बायोमास प्लेट्स के उपयोग के लिए भी टेंडर किया जाएगा। पराली के स्थाई प्रबंधन के लिए हरियाणा सरकार पराली को एमएसपी पर खरीदने के लिए भी योजना बनाने पर विचार कर रही है। इससे किसानों को सीधा लाभ होगा और उनकी अतिरिक्त आय का साधन भी बढ़ेगा। पिछले 4 सालों में किसानों को सीएचसी के माध्यम से और व्यक्तिगत रूप से 72,777 मशीनरी उपलब्ध करवाई गई है। इस वर्ष 7146 मशीनें उपलब्ध करवाई गई हैं जिसमें बेलिंग यूनिट, सुपर सीडर, जीरो टिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल इत्यादि शामिल है।

मुख्यमंत्री जी ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सुप्रीम कोर्ट तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के आधार पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इस बार एनसीआर क्षेत्र के साथ–साथ पूरे राज्य में केवल ग्रीन पटाखे बनाने, चलाने व उनकी बिक्री की अनुमति दी है। सामान्य पटाखे बनाने, बेचने और चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

# आधुनिक मीडिया सेंटर का उद्घाटन

(दिनांक 11.10.2022)




**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा सिविल सचिवालय में अत्याधुनिक मीडिया सेंटर का उद्घाटन किया।

उद्घाटन करने के उपरांत मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि मीडियाकर्मियों की आज की आवश्यकता के अनुसार आधुनिक तकनीक की सुविधाएं सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा हरियाणा सिविल सचिवालय की आठवीं मंजिल पर स्थित मीडिया सेंटर का नवीनीकरण करके उपलब्ध करवाई गई हैं ताकि सरकार की उपलब्धियों को मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने मीडिया कर्मियों को इस कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के दौर में मीडिया के लिए आधुनिक सुविधाओं का होना अत्यंत जरूरी है। इसी जरूरत को ध्यान में रखकर सरकार ने मीडिया के लिए नई सुविधाओं से सुसज्जित आधुनिक मीडिया सैंटर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। मीडिया सैंटर में प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया से जुड़ी तकनीकी जरूरतों को उपलब्ध करवाया गया है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## "ऑटो अपील सिस्टम" की बैठक

(दिनांक 11.10.2022)




**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने सेवा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत "ऑटो अपील सिस्टम" से जुड़ी रिव्यू बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए हैं

सरकारी विभाग जनता से जुड़ी सभी सेवाओं को जल्द से जल्द ऑटो अपील सिस्टम में जोड़ें। इस काम को तेजी से किया जाए ताकि आम जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता को सरकारी सेवाएं समय पर मिलें यह सरकार और कर्मचारियों का प्राथमिक दायित्व है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकारी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

सेवाओं को ऑटो अपील सिस्टम में जोड़ने के लिए सरकारी अधिकारी तत्परता से कार्य करें। यदि इस कार्य में कोई कठिनाई आ रही है तो उसे तत्काल संज्ञान में लाया जाए, ताकि उसका जल्द से जल्द निवारण किया जा सके। सरकार और सरकारी कर्मचारी की ड्यूटी जनता की सेवा करना है।

हमारा मकसद प्रदेश के 70 लाख परिवारों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकारी सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। हमें इस दायित्व को बखूबी समझते हुए कार्य करना चाहिए।

मुख्यमंत्री जी ने सेवा का अधिकार आयोग के ऑटो अपील सिस्टम की कार्य प्रणाली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम की वजह से आज सरकारी सेवाओं में होने वाली देरी पर जवाबदेही तय हुई है। आयोग, सेवाओं में होने वाली देरी पर संबंधित अधिकारी पर जुर्माना भी लगा रहा है। इसका असर दिखने लगा है। अभी तक ऑटो अपील सिस्टम में सेवाओं में होने वाली देरी से संबंधित 3 लाख 53 हजार 529 अपील की गई। इनमें से 2 लाख 70 हजार 385 को प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष ही सुलझा दिया गया। 82,375 अपील को द्वितीय अपीलीय अधिकारी द्वारा सुलझाई गई। महज 769 अपील ही सेवा का अधिकार आयोग तक पहुंची। इस पर आयोग ने संज्ञान लिया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ऑटो अपील सिस्टम जनता के लिए वरदान है। बड़े स्तर पर लोगों को इस सिस्टम से फायदा हो रहा है। प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मकसद से इसकी शुरुआत की थी, ताकि सभी की सुनवाई हो और सभी को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब सरकारी सेवाओं के काम की अवधि तय हुई है। इससे जनता को लाभ हुआ है। इससे लोगों में सरकार के प्रति भरोसा पैदा हो रहा है। जनता सुखी हो यही हमारा मकसद है।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ई–नीलामी के लिए पोर्टल लॉन्च

(दिनांक 11.10.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने व्यापारियों व नागरिकों को एक और सुविधा प्रदान करते हुए हरियाणा म्युनिसिपल विज्ञापन उपनियम–2022 के तहत विज्ञापन अनुमति तथा नगर निकायों के विज्ञापन स्थलों की ई–नीलामी के लिए पोर्टल लॉन्च किया। इससे सभी नगर निकायों में विज्ञापन अधिकारों के आवंटन में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस पोर्टल के लॉन्च होने से शहरी स्थानीय निकाय विभाग के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सरकारी भवनों व प्राइवेट भवनों पर विज्ञापन लगाने के लिए अनुमति प्रदान की जा सकेगी। सभी नगर निकायों को कलेक्टर रेट का 3.2 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। सरकारी स्थलों का ई–ऑक्शन किया जाएगा। इसका न्यूनतम रेट 4



# साप्ताहिक सूचना पत्र



प्रतिशत होगा, जिसमें से 40 प्रतिशत एमसी को और 60 प्रतिशत भवन मालिक को मिलेगा। राज्य में सभी नगर निकाय, सरकारी विभाग, बोर्ड, निगम, प्राधिकरण अब विज्ञापन हेतू ई–नीलामी के लिए अपनी संपत्तियों को पोर्टल पर सूचीबद्ध कर सकते हैं। निजी संपत्ति मालिक भी ई–नीलामी के माध्यम से विज्ञापन अनुमति देने के लिए इस पोर्टल पर अपनी संपत्ति/संपत्तियों को सूचीबद्ध करने का विकल्प चुन सकते हैं।

नगर निकायों की भूमिका केवल इस पोर्टल पर आवेदनों को संसाधित करने और संपत्तियों को सूचीबद्ध करने, आरक्षित मूल्य भरने तथा नीलामी की तिथि निर्धारित करने की होगी। इसके बाद पोर्टल पर स्वतः ही नीलामी आयोजित होगी और उच्चतम बोली लगाने वाले का चयन होगा। इसके अलावा, सभी विज्ञापन अनुमतियां, अनुबंध, भुगतान, प्रतिभूतियों का प्रबंधन इस पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। इससे मजबूत राजस्व संग्रहण और अनुबंध प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। एक बार पोर्टल पर पंजीकृत विज्ञापन संस्थाएं (व्यवसाय/व्यक्ति) राज्य में नगर निकायों में सभी सूचीबद्ध विज्ञापन संपत्तियों की ई–नीलामी में भाग ले सकती हैं। यह पोर्टल न केवल विज्ञापन अधिकार प्रदान करने में पारदर्शिता बढ़ाएगा बल्कि नगर निकायों और अन्य सरकारी संस्थाओं की विज्ञापन के माध्यम से राजस्व में भी वृद्धि करेगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 36 वें राष्ट्रीय खेलों के खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं

(दिनांक 12.10.2022)

**प्रभाव :** गुजरात में चल रहे 36वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा 38 स्वर्ण पदक सहित कुल 116 पदक जीत कर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर है। सबसे खास बात यह रही कि 38 स्वर्ण पदकों में से हरियाणा ने 37 स्वर्ण पदक ओलंपिक खेलों में जीते हैं, जो किसी भी अन्य राज्य से दोगुने से भी ज्यादा हैं। पिछले 3 संस्करणों में हरियाणा के पदकों की संख्या इस बार सबसे अधिक रही है। पिछले राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा ने 107 खेलों में जीत हासिल की थी। मुख्यमंत्री जी ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को उनकी जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी इसी प्रकार अपना उम्दा प्रदर्शन करने की कामना की। उन्होंने कहा कि विजेता खिलाड़ियों को राज्य सरकार



की खेल नीति के अनुसार पुरस्कार व नौकरियां दी जाएंगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के खिलाड़ियों की मेहनत के बल पर ही आज हरियाणा की खेलों के क्षेत्रों में ऐसी पहचान बनी है कि अन्य राज्य भी हरियाणा की खेल नीति का अनुसरण करने लगे हैं।

राज्य के खिलाड़ी इसी प्रकार अपने बेहतरीन प्रदर्शन से हरियाणा और भारत का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करते रहेंगे।

राज्य के खिलाड़ियों ने 38 स्वर्ण पदक, 38 रजत और 40 कांस्य पदक जीते हैं। खिलाड़ियों ने एक्युएटिक्स में 1 रजत और 1 कांस्य पदक, तीरंदाजी में 5 स्वर्ण पदक, एथलेटिक्स में 3 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक, बॉक्सिंग में 4 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक, कैनॉइंग में 1 रजत और 1 कांस्य पदक, साइकिलिंग में 2 स्वर्ण और 3 रजत पदक, फेंसिंग में 1 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक, गोल्फ में 2 रजत और 2



कांस्य पदक, हॉकी में 1 स्वर्ण पदक, जुडो में 2 स्वर्ण, 3 रजत और 11 कांस्य पदक, कबड्डी में 2 कांस्य पदक, नेट बॉल में 2 स्वर्ण, रोइंग में 3 रजत और 1 कांस्य पदक, रग्बी में 1 स्वर्ण पदक, शूटिंग में 2 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक, सोफ्ट टेनिस में 2 कांस्य पदक, टेबल टेनिस में 1 रजत पदक, टेनिस में 1 कांस्य पदक, वेटलिफ्टिंग में 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक, कुश्ती में 12 स्वर्ण, 7 रजत और 4 कांस्य पदक, वुशू में 1 स्वर्ण और 2 रजत पदक, वॉलीबॉल में 1 कांस्य पदक तथा योगासना में 1 स्वर्ण, 1 रजत पदक और 2 कांस्य पदक जीते हैं।

# यमुना कार्य योजना की समीक्षा बैठक

(दिनांक 13.10.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने यमुना कार्य योजना की समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुनानगर जिले में यमुना नदी तथा पंचकूला में घग्गर नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की योजनाएं बनायें क्योंकि नदियां हमारी राष्ट्रीय संपदा हैं। केंद्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के साथ–साथ नई योजनाएं बनायें ताकि दूसरे राज्य भी हरियाणा का अनुसरण करें। इसके अलावा पानी को उपचारित कर इसका पुनः उपयोग हो इस दिशा में भी अधिक से अधिक कार्य किया जाना चाहिए। जल सरंक्षण दिन



प्रतिदिन चिंता का विषय बनता जा रहा है। भावी पीढ़ी के लिए जल सरंक्षण जरूरी है हालांकि हरियाणा ने इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।

उन्होंने कहा कि उपचारित पानी का अधिक से अधिक पुनः उपयोग सिंचाई, थर्मल पावर प्लांट, औद्योगिक व बागवानी जैसे क्षेत्रों में हो सके, इसकी भी व्यापक स्तर पर योजनाएं बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि घग्गर व यमुना ही हरियाणा की दो प्रमुख प्राकृतिक नदियां हैं। इनका सरंक्षण जरूरी है। यमुना कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हरियाणा के साथ लगते पड़ोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ भी संयुक्त बैठक की जानी चाहिए। चाहे जल प्रदूषण है या वायु प्रदूषण हो इनको फैलने से रोकना आज समय की जरूरत है। इस विषय को लेकर अंतर्राज्यीय बैठकों का आयोजन भी निरंतर किया जाना चाहिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वंदे भारत एक्सप्रेस का स्वागत

(दिनांक 13.10.2022)



**प्रभाव :** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने ऊना से दिल्ली के लिए चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान ट्रेन के चंडीगढ़ पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी ने स्वयं स्टेशन पहुंचकर वंदे भारत का स्वागत किया।

साथ ही उन्होंने ट्रेन में यात्रा कर रहे रेलमंत्री श्री अश्विनि वैष्णव से भी मुलाकात की और खुद भी ट्रेन में बैठकर चंडीगढ़ से अंबाला तक सफ़र किया। इस दौरान मुख्यमंत्री जी के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद और विधायक भी ट्रेन में सवार हुए और अगले गंतव्य अंबाला पहुंचे।

इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने वंदे भारत एक्सप्रेस की खूबियों को जाना और इस रूट पर ट्रेन के संचालन के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद किया। अंबाला पहुंचने पर स्वास्थ्य व गृह मंत्री

# साप्ताहिक सूचना पत्र

श्री अनिल विज और स्थानीय नागरिकों ने केंद्रीय रेल मंत्री और मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के अंबाला पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस ट्रेन की सौगात से हरियाणा के लोगों को खासा फायदा होगा। नई ट्रेन चलने से कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव में सरकार ने 75 ऐसी ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इससे देश की प्रगति को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर




कर ऐसा लगा कि ट्रेन में नहीं बल्कि प्लेन में सफर कर रहे हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस ट्रेन में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे यात्रा सुगम और सुरक्षित हो गई है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में समय की बचत के साथ–साथ यात्री आरामदायक सफर का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि रेल सेवा का विस्तार और उसको आधुनिक बनाने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। केंद्र सरकार ने 200 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है। रेलवे स्टेशनों में आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। हरियाणा के रेलवे स्टेशनों पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन हिमाचल के ऊना से चलेगी और चंडीगढ़ होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव अम्बाला में भी होगा। इस ट्रेन के चलने से दिल्ली जाने वाले और दक्षिण हरियाणा से चंडीगढ़ आने वाले यात्रियों को बहुत फायदा होगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सतलुज–यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर पर बैठक का आयोजन

(दिनांक 14.10.2022)

**प्रभाव :** सतलुज–यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर के मुद्दे पर एक अहम संयुक्त बैठक चंडीगढ़ में हरियाणा निवास में हुई। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान जी भी शामिल हुए।

बैठक के बाद हरियाणा मुख्यमंत्री जी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार हुई इस बैठक में एसवाईएल को लेकर पंजाब के साथ कोई सहमति नहीं बनी। सुप्रीम कोर्ट ने एसवाईएल के निर्माण के लिए कहा है, उस पर भी पंजाब सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल का निर्माण हमारे लिए जीवन–मरण का सवाल है। उन्होंने कहा की अब इस विषय को लेकर केंद्रीय जल संसाधन मंत्री श्री गजेंद्र शेखावत से बात करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पानी के लिए पहले भी ट्रिब्यूनल बनाया गया था, उसके बाद 3 जजों का नया ट्रिब्यूनल बनाया गया



लेकिन ट्रिब्यूनल के फैसले अनुसार पानी के लिए भी एसवाईएल का निर्माण जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ कुछ और जरूरी मुद्दों पर भी बातचीत हुई है। घग्गर नदी के पानी को साफ करने के लिए दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग के अधिकारियों की कमेटी बनाने पर भी सहमति बनी है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा की एसवाईएल हरियाणा के लिए बहुत अहम है और यह हरियाणा की जरूरत भी है। हरियाणा की जनता के साथ किसी कीमत पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र







# साप्ताहिक सूचना पत्र

## फरीदाबाद जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

(दिनांक 15.10.2022)

**प्रभाव :** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने फ़रीदाबाद पहुंचकर जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान ग्रीनफील्ड कॉलोनी के निवासियों द्वारा रखी गई एक शिकायत पर सुनवाई करते हुए कहा कि नगर निगम फ़रीदाबाद इस कॉलोनी को अपने अधिकार क्षेत्र में लेगा।

वर्ष 1976 से विकास कार्यों के लिए भटक रहे ग्रीन फील्ड कॉलोनी निवासियों को अब सभी बुनियादी सुविधाएं फरीदाबाद नगर निगम देगा। इसके लिए नगर निगम जल्द से जल्द स्थानांतरण की कार्रवाई पूरी करेगा और वहां पर विकास कार्यों की शुरुआत करवाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने जन संवाद कार्यक्रम में शिकायत देने वाले सोतई गांव निवासियों पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने वाले खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर सतनारायण को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश भी दिए। मुख्यमंत्री जी



# साप्ताहिक सूचना पत्र



ने कहा कि कोई भी अधिकारी अगर समय पर काम नहीं करता अथवा कामचोरी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी संवेदनशील होकर काम करे और आमजन को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराएं।

दिव्यांगों व बुजुर्गों की पेंशन की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सभी का सत्यापन किया जा रहा है। जल्द ही लोगों को पेंशन मिलनी शुरू हो जाएगी। उन्होंने मौके पर ही एक दिव्यांगजन राजेंद्र सिंह व एक बुजुर्ग रतन सिंह को तत्काल 2500–2500 रुपये नकद पेंशन भी दी। उन्होंने कहा कि आपको अगले माह से समय पर पेंशन मिलेगी।

मुख्यमंत्री जी ने बताया कि जन संवाद कार्यक्रम में 600 से ज्यादा शिकायतें पहुंची हैं। इनमें से 158 नगर निगम की, 89 पुलिस की शिकायतें व बाकि अन्य विभागों से संबंधित थीं। इनमें से ज्यादातर शिकायतों को मौके पर ही समाधान कर दिया गया है तथा कुछ शिकायतों को मुख्यालय स्तर पर समाधान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।